❑ **राज्य सरकार के पालनहार योजना से वंचित लोगों को जोड़ने के लिए किस जिला प्रशासन द्वारा मिशन पालनहार शुरू किया गया है?**

(1) डूंगरपुर (2) भरतपुर
(3) बाँसवाड़ा (4) प्रतापगढ़ **(1)**

**व्याख्या–**




डूंगरपुर को पहाड़ों की नगरी कहा जाता है। सामाजिक न्याय व अधिकारिता विभाग के अन्तर्गत पालनहार योजना आती है।

– यह विशेष अभियान 5 जनवरी 2023 से 4 फरवरी 2023 तक चलेगा।

प्रथम चरण 5 जनवरी से 25 जनवरी 2023 तक तथा द्वितीय चरण 27 जनवरी से 4 फरवरी 2023 तक चलेगा।

– इस अभियान के तहत् विद्यालयों, आंगनवाड़ी और माँ बाड़ी केन्द्रों का सर्वे किया जायेगा। इस दौरान पात्र बच्चों को पालनहार योजना से जोड़ा जायेगा।

**पालनहार योजना**–वर्ष 2004-05 में शुरू

– ऐसे अनाथ जिनके माता-पिता की मृत्यु हो गई है या उन्हें आजीवन कारावास/मौत की सजा हो गई है या माता-पिता में से एक की मृत्यु हो गई है और दूसरा आजीवन कारावास की सजा भोग रहा है।

– इस योजना में सभी माता-पिता के अनाथ बच्चों, विधवा के बच्चों (3 बच्चों तक), विवाहित विधवा के बच्चों, कुष्ठ रोग/एचआईवी से संक्रमित माता-पिता के बच्चों, नाते गई हुई महिलाओं के बच्चे (3 बच्चों तक), विशेष योग्यजनों एवं परित्यक्ता/तलाकशुदा महिलाओं के बच्चों को भी शामिल किया गया है।

– ऐसे अनाथ बच्चों का उत्तरदायित्व लेने वाले व्यक्ति को पालनहार कहा गया है।

– इस योजना के अन्तर्गत 0-6 वर्ष के आंगनवाड़ी जाने वाले बच्चों को रुपये 1,500 प्रतिमाह एवं 6-18 वर्ष के विद्यालय जाने वाले बच्चों को रुपये 2,500 प्रतिमाह दिए जाते थे।

– इसके अलावा वस्त्र, जूते हेतु रुपये 2000 वार्षिक अतिरिक्त एकमुश्त सहायता दी जाती है।

– योजना के पात्र– पालनहार परिवार की वार्षिक आय 1.20 लाख रुपये से अधिक न हो, बच्चे की आयु 18 वर्ष से कम हो तथा आवेदन की तिथि से कम से कम 3 वर्ष की अवधि में राजस्थान में रह रहे हो।

❑ **राजस्थान में किस विभाग द्वारा पेंशन योजनाओं का वार्षिक सत्यापन फेस आइडेंटिफिकेशन तकनीक पर आधारित ऐप के माध्यम से किया जाएगा।**

(1) चिकित्सा विभाग
(2) सामाजिक न्याय व अधिकारिता विभाग
(3) आयोजना विभाग
(4) पेंशन विभाग **(2)**

**व्याख्या–**

राय® Publication Pvt. Ltd.

सामाजिक न्याय व अधिकारिता विभाग के मंत्री टीकाराम जूली है।

- सूचना प्रौद्योगिकी विभाग, नेशनल इनफार्मेशन सेंटर और जन आधार अथॉरिटी के सहयोग से यह प्रणाली विकसित की जा रही है।

**सामाजिक न्याय व अधिकारिता विभाग के अन्तर्गत फ्लैगशिप योजनाओं में शामिल योजनाएँ–**

1. कन्यादान हथलेवा योजना
2. सिलिकोसिस नीति
3. मुख्यमंत्री वृद्धजन सम्मान पेंशन योजना
4. मुख्यमंत्री विशेष योग्यजन सम्मान पेंशन योजना
5. एकल नारी सम्मान पेंशन योजना
6. पालनहार योजना

❑ **प्रदेश के राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान आईटीआई में संस्थानों की प्रभावी मॉनिटरिंग के लिए कौनसा ऐप बनाया जाएगा?**

(1) कौशल दर्पण एप
(2) पर्सन विद डिसेबिलिटी ऐप
(3) GGAY ऐप
(4) विद्यार्थी दर्पण ऐप **(1)**

**व्याख्या–**





दिव्यांगजनों को निर्वाचन प्रक्रिया से जोड़ने के लिए भारतीय निर्वाचन आयोग द्वारा **पर्सन विद डिसेबिलिटी** ( **PWD App2.0** ) ऐप 4 नवंबर 2022 को शुरू किया गया।

- प्रदेश में **GGAY ऐप** के माध्यम से घर-घर औषधि योजना का वितरण होगा।
- राज्य में महात्मा गांधी इंग्लिश मीडियम विद्यालय में प्रवेश प्रक्रिया को **विद्यार्थी दर्पण ऐप** के माध्यम से ऑनलाइन किया जा रहा है।
- यूडीएच मंत्री शांति धारीवाल ने हाउसिंग रोड़ स्थित सरकारी निवास पर राजस्थान हाउसिंग बोर्ड की विभिन्न योजनाओं तथा **बुक माई चौपटी ऐप** लॉन्च किया।

❑ **संस्कृत विभाग द्वारा 18 अगस्त 2020 को किस ऐप का शुभारम्भ किया गया, जिसमें संस्कृत शिक्षा के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान हो रही है?**

(1) देववाणी ऐप (2) शाला सम्बलन ऐप
(3) माई बुक लो ऐप (4) इनमें से कोई नहीं **(1)**

**व्याख्या–**



गोविंद सिंह डोटासरा ने 15 सितम्बर, 2021 को शिक्षा संकुल, जयपुर से "शाला सम्बलन ऐप" का विमोचन किया।

- डॉक्टर बी.डी. कल्ला ने संस्कृत कॉलेज शिक्षा हेतु गीर्वाणी ऐप का लोकार्पण किया।

- कॉलेज विद्यार्थियों को अध्ययन सामग्री सुलभता से उपलब्ध करवाने के लिए डिजिटल लाइब्रेरी माईबुक लो ऐप का शुभारंभ भंवर सिंह भाटी द्वारा 28 अगस्त 2021 को किया गया।

❑ **राजस्थान के बूंदी जिले में चल रहे ऑपरेशन अस्मिता का संबंध किससे है?**

(1) महावारी स्वच्छता प्रबंधन
(2) बाल विवाह पर रोक
(3) बालिका शिक्षा को बढ़ावा देना
(4) वेश्यावृत्ति की बुराई को खत्म करना **(4)**

**व्याख्या**- बूंदी जिला प्रशासन द्वारा वेश्यावृत्ति को समाप्त करने, लड़कियों को बेहतर बचपन, उत्कृष्ट शिक्षा, सर्वांगीण विकास के पथ पर ले जाने के लिए ऑपरेशन अस्मिता अभियान चलाया जा रहा है।

- इस नवाचार के माध्यम से नोबेल पुरस्कार विजेता कैलाश सत्यार्थी की टीम और विशेषज्ञ संगठनों के सहयोग से विभिन्न विकासोन्मुखी गतिविधियां शिक्षा और रोजगार को जोड़कर पीड़ित वर्ग को मुख्यधारा में लाने का मार्ग प्रशस्त किया जा रहा है।

❑ **5 जनवरी 2023 को पुलिस जांच एजेंसियों के प्रमुखों का तीसरा राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन कहाँ किया गया?**

(1) जोधपुर (2) जयपुर
(3) कोटा (4) अलवर **(2)**

**व्याख्या**-




5 जनवरी 2023 को पुलिस अनुसंधान व विकास ब्यूरो की मेजबानी में पुलिस जांच एजेंसियों के प्रमुखों का तीसरा राष्ट्रीय सम्मेलन केन्द्रीय गुप्तचर प्रशिक्षण संस्थान, जयपुर में किया गया।

❑ **राजस्थान मिलेट्स प्रोत्साहन मिशन के अंतर्गत सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर मिलेट्स की स्थापना कहाँ की जाएगी।**

(1) जयपुर (2) बाड़मेर
(3) जोधपुर (4) बीकानेर **(3)**

**व्याख्या**- बजट 2022-23 में कृषि बजट को अलग पेश किया गया था और इसे प्रभावी बनाने के लिए 11 मिशन जोड़े गए, इन्हीं में से एक मिशन राजस्थान मिलेट्स प्रोत्साहन मिशन के अंतर्गत जोधपुर एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी में 5 करोड़ की लागत से सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर मिलेट्स की स्थापना की जाएगी।

- इस मिशन के अंतर्गत 100 करोड़ व्यय कर 15 लाख किसानों को लाभान्वित किया जायेगा।
- मिलेट्स का अर्थ बाजरा होता है जो खरीफ की फसल है। वर्ष 2023 को मोटे अनाज के लिए बाजरा वर्ष घोषित किया गया।
- बाड़मेर में बाजरा अनुसंधान केन्द्र खोला जायेगा।
- बीकानेर में स्थित बाजरा परियोजना केन्द्र को वर्ष 2020-21 के लिए बेस्ट परफॉर्मिंग सेंटर घोषित किया गया।
- देश का पहला बाजरे का प्रोसेसिंग यूनिट और इनक्यूबेशन सेंटर बाड़मेर में स्थापित किया जाएगा।

❑ **सियाचिन ग्लेशियर पर तैनात होने वाली पहली महिला अधिकारी शिवा चौहान का संबंध किस जिले से है?**

(1) उदयपुर (2) अजमेर
(3) अलवर (4) श्रीगंगानगर **(1)**

राय Publication Pvt Ltd

**व्याख्या-**



उदयपुर की शिवा चौहान सियाचिन ग्लेशियर पर तैनात होने वाली पहली महिला अधिकारी बनी है।

- दुनिया के सबसे ऊँचे युद्धक्षेत्र में किसी महिला सेना अधिकारी की इस तरह की पहली परिचालन तैनाती में कोर ऑफ इंजीनियर्स के कैप्टन शिवा चौहान को सियाचिन ग्लेशियर में एक फ्रंटलाइन पोस्ट पर तैनात किया गया है।

❑ **इंडिया स्किल्स रिपोर्ट 2023 के अनुसार देश के किस राज्य में सर्वाधिक महिलाएँ रोजगार करने के योग्य है?**

(1) बिहार (2) महाराष्ट्र

(3) केरल (4) राजस्थान **(4)**

**व्याख्या-**




**इंडिया स्किल्स रिपोर्ट 2023**

- भारत में 56% नौकरी के लिए योग्य व्यक्ति है।
- 50.3% रोजगार हेतु योग्य व्यक्ति है, इनमें 52.8% महिलाएँ है सर्वाधिक राजस्थान में 53.5% महिलाएँ रोजगार करने योग्य है जो देश में सर्वाधिक है।
- इसमें 22-25 आयु वर्ग को शामिल किया गया।
- राजस्थान का इंडिया स्किल्स रिपोर्ट में देश में पांचवा स्थान है।

❑ **प्रदेश में आरटीई के तहत 9वीं से 12वीं कक्षा तक की बालिकाएँ को किस योजना के तहत फ्री शिक्षा दी जाएगी।**

(1) इंदिरा शक्ति फीस पुनर्भरण योजना

(2) मुख्यमंत्री बाल गोपाल योजना

(3) मुख्यमंत्री शिक्षा अंलकार पुरस्कार योजना

(4) आई एम शिक्षा योजना **(1)**

**व्याख्या-**




प्रदेश में शिक्षा का अधिकार (आरटीई) के तहत् निजी स्कूलों में पढ़ रहीं बालिकाओं की 9वीं से 12वीं कक्षा तक की फीस भी अब सरकार वहन करेगी।

- इसके लिए इंदिरा शक्ति फीस पुनर्भरण योजना प्रारंभ होगी। योजना चालू सत्र 2022-23 से लागू करने की

तैयारी है।
- आइटीई में पढ़ रहीं बालिकाएँ 8वीं पास कर इस सत्र में नौवीं में आ गई, उन्हें इस योजना का लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने इस साल बजट में आरटीई की बालिकाओं की 12वीं कक्षा तक की फीस का पुनर्भरण करने की घोषणा की थी।

❑ **प्रदेश में किस योजना के तहत बालिका उच्च शिक्षा प्रोत्साहन प्रदान किया जाएगा।**

(1) बालिका दूरस्थ शिक्षा योजना
(2) इंदिरा फीस पुनर्भरण योजना
(3) बाल अलंकार योजना
(4) आपकी बेटी योजना **(1)**

**व्याख्या**-




- मुख्यमंत्री ने राज्य बजट 2022-23 में 'बालिका दूरस्थ शिक्षा योजना' लागू करने की घोषणा की थी।
- मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत ने बालिका उच्च शिक्षा प्रोत्साहन की दिशा में बड़ा निर्णय लिया है।
- अब प्रदेश की बालिकाओं और महिलाओं को दूरस्थ शिक्षा के माध्यम से उच्च शिक्षा के लिए संस्थानों की गई फीस का पुनर्भरण मिलेगा।
- इससे वे पढाई जारी रखकर भविष्य संवार सकेंगी। इसके लिए श्री गहलोत ने राज्य में 'बालिका दूरस्थ शिक्षा योजना' लागू की है।
- योजना के तहत् प्रतिवर्ष कुल 36,300 बालिकाओं और महिलाओं को लाभान्वित करने के लिए 14.83 करोड़ रुपये की स्वीकृति प्रदान की है।
- योजना के तहत राज्य सरकार द्वारा अनुदानित विश्वविद्यालय, राज्य के राजकीय संस्थान/वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय, कोटा के द्वारा दूरस्थ शिक्षा योजना के माध्यम से अध्ययन कराया जाएगा।
- अध्ययन के लिए इन संस्थानों की फीस का पुनर्भरण राज्य सरकार करेगी।

❑ **राजस्थान की आर्थिक पिछड़ा वर्ग की छात्राओं को किस योजना के तहत् साइकिल वितरित की जाएगी।**

(1) मुख्यमंत्री बाल गोपाल योजना
(2) मुख्यमंत्री शिक्षा बालिका पुरस्कार योजना
(3) मुख्यमंत्री शिक्षा अंलकार पुरस्कार योजना
(4) इनमें से कोई नहीं **(3)**

**व्याख्या**-




राजस्थान सरकार ने आर्थिक कमजोर वर्ग (EWS) के विद्यार्थियों को मुख्यमंत्री शिक्षा अलंकार पुरस्कार योजना के तहत कक्षा 10वीं एवं 12वीं संकाय कला, विज्ञान, वाणिज्य की परीक्षा में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले को 50 हजार रुपए नकद व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा।



❑ **राजस्थान सरकार द्वारा जनवरी 2023 में राज्य में पहली बार एंब्रियो ट्रांसफर टेक्नोलॉजी (भ्रूण स्थानांतरण तकनीक) कहाँ शुरू की जाएगी?**
(1) बीकानेर (2) जयपुर
(3) पाली (4) सिरोही **(3)**

❑ **राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु द्वारा हरित ऊर्जा संग भविष्य निर्माण उद्देश्य के तहत् 1000 मेगावाट की सौर विद्युत परियोजना का वर्चुअल शिलान्यास किस जिले में किया गया?**
(1) जैसलमेर (2) जोधपुर
(3) अलवर (4) बीकानेर **(4)**

**व्याख्या-**
- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्म द्वारा 3 जनवरी, 2023 को बीकानेर सौर विद्युत परियोजना (केन्द्र के सतलुज जल विद्युत निगम व पॉवर ग्रिड कॉरपोरेशन) का वर्चुअल लोकार्पण किया।
- राष्ट्रपति मुर्मु हरित ऊर्जा संग भविष्य निर्माण उद्देश्य के तहत् 1000 मेगावाट बीकानेर सौर विद्युत परियोजना का शिलान्यास करेंगी।

❑ **3 जनवरी को माउंट आबू स्थित प्रजापति ब्रह्मकुमारी संस्थान के अंतराष्ट्रीय मुख्यालय शांतिवन में समारोह का उद्घाटन किसके द्वारा किया गया?**
(1) अशोक गहलोत (2) कलराज मिश्र
(3) द्रौपदी मुर्मु (4) ममता बनर्जी **(3)**

**व्याख्या-**



द्रौपदी मुर्मू सिरोही जिले के आबूरोड शहर स्थित प्रजापति ब्रह्मकुमारी संस्थान के अंतरराष्ट्रीय मुख्यालय शांतिवन में आजादी के अमृत महोत्सव से स्वर्णिम भारत की ओर अभियान के तहत् आध्यात्मिक सशक्तिकरण से स्वर्णिम भारत का उदर सम्मेलन का उद्घाटन किया।

❑ **प्रधानमंत्री आर्थिक सलाहकार परिषद द्वारा जारी रिपोर्ट 2022 के अनुसार सामाजिक प्रगति में राजस्थान की देश में कौनसी रैंक मिली है?**
(1) पहली (2) 5वीं
(3) 12वीं (4) 30वीं **(4)**

**व्याख्या-**केन्द्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय के आँकड़ों के अनुसार अपशिष्ट प्लास्टिक से सड़क बनाने में राजस्थान का देश में चौथा स्थान है।
पवन ऊर्जा उत्पादन में राजस्थान 5वें स्थान पर है।
सौर ऊर्जा उत्पादन में राजस्थान प्रथम स्थान पर है।

❑ **ललित मीणा जिन्हें हाल ही में धनुर्धर श्री लिंबाराम पुरस्कार से सम्मानित किया गया है, किस खेल से संबंधित है?**
(1) निशानेबाज (2) कबड्डी
(3) क्रिकेट (4) हैण्डबाल **(3)**

**व्याख्या-**




ललित मीणा दृष्टिबाधित क्रिकेटर है।
राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने प्रदेश के उदयपुर के मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय में आयोजित 10वें अंचल स्तरीय जनजाति प्रतिभा सम्मान समारोह एवं सर्व समाज शिक्षक गौरव समारोह-2022 में अनेक आदिवासी प्रतिभाओं को सम्मानित किया।

**समारोह में दिए गए सम्मान-**

1. श्री मानगढ़ धाम गौरव पुरस्कार - उदयपुर के कलेक्टर ताराचंद मीणा
2. नाना भाई खांट शिक्षक गौरव पुरस्कार - दुर्गाराम मुवाल और महेंद्र कुमार मीणा
3. आदिकवि महर्षि वाल्मीकि गौरव पुरस्कार - डॉ. किरण मीणा
4. मेवाड़ वीर राणा पुंजा भील प्रतिभा पुरस्कार - सीडीपीओ दीपिका मीणा
5. वीर शहीद नानक भाई भील सामाजिक नेतृत्व पुरस्कार - रणवीर ठोलिया (पवन पुत्र नि:शुल्क कोचिंग संस्था के संचालक)
6. वीर बालक एकलव्य पुरस्कार - डॉ. सुनील मीणा
7. शहीद जनजाति वीर बाला कालीबाई पुरस्कार - राज कलासुआ
8. धनुर्धर श्री लिंबाराम पुरस्कार - दृष्टिहीन क्रिकेटर ललित मीणा

❑ **हाल ही में राजस्थान सरकार ने बेघर, वृद्धजन एवं असहाय / निराश्रित व्यक्तियों के आवास के लिए किस योजना के वित्तीय प्रावधान को स्वीकृति जारी की है-**

(1) राजीव गांधी शहरी आवास योजना
(2) इन्दिरा पुनर्वास प्रदेश योजना
(3) महात्मा गांधी गृह आवास योजना
(4) मुख्यमंत्री पुनर्वास गृह योजना **(4)**

**व्याख्या-**




राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने प्रदेश के बेघर, वृद्धजन, कामकाजी महिलाओं एवं असहाय / निराश्रित व्यक्तियों के समुचित आवास के लिये मुख्यमंत्री पुनर्वास गृह योजना के लिये 28 करोड़ 23 लाख रुपए के वित्तीय प्रावधान को स्वीकृति दी है।

प्रस्ताव के अनुसार, प्रदेश के बेघर, वृद्धजन, कामकाजी महिलाओं एवं असहाय / निराश्रित व्यक्तियों के लिये विभागीय भवन निर्मित होने तक गृहों का संचालन उपलब्ध राजकीय भवनों में तथा राजकीय भवनों की अनुपलब्धता की स्थिति में किराए के भवनों में किया जाएगा।

❑ **राज्यपाल राहत कोष के लिये क्यूआर कोड का लोकार्पण किया गया, यह क्यूआर कोड किस बैंक में निर्मित किया है?**

(1) स्टेट बैंक ऑफ इंडिया
(2) बैंक ऑफ बड़ौदा
(3) इंडियन बैंक
(4) इनमें से कोई नहीं **(1)**

**व्याख्या-**राजस्थान के राज्यपाल कलराज मिश्र ने राज्य में राज्यपाल राहत कोष के लिये निर्मित क्यूआर कोड का लोकार्पण किया।

- राज्यपाल राहत कोष के क्यूआर कोड निर्मित होने से पूर्णरूप से सुरक्षित रूप में लोग अब इसमें अपनी धनराशि जरुरतमंदों के सहयोग के लिये दान कर सकेंगे।
- यह राशि सीधे राज्यपाल राहत कोष के बैंक में स्थानांतरित हो जाएगी।

❑ **3 जनवरी, 2023 को राजभवन जयपुर के संविधान का लोकार्पण किसके द्वारा किया जा रहा है?**

(1) नरेंद्र मोदी (2) अशोक गहलोत
(3) कलराज मिश्र (4) द्रौपदी मुर्मु **(4)**

**व्याख्या-**राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू ने 3 जनवरी 2023 को राजभवन में नवनिर्मित संविधान उद्यान का लोकार्पण किया।

- राज्यपाल कलराज मिश्र की अभिनव पहल पर राजस्थान

देश का पहला ऐसा राज्य बन गया है, जहाँ आमजन में संविधानिक जागरुकता लाने के लिए राजभवन में संविधान उद्यान स्थापित किया गया है।

- **राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 4 जनवरी 2023 को निंबली ब्राह्मणान गांव (रोहट, पाली) में 18वीं राष्ट्रीय भारत स्काउट गाइड जंबूरी का उद्घाटन किया, जंबूरी का डिजाइन निम्न में से किसके द्वारा तैयार किया गया है?**

(1) नरेश कुमार (2) सुंदर राठौड
(3) निर्मल शर्मा (4) विजय वल्लभ **(2)**

**व्याख्या–**




आयोजन राज्य चीफ कमिश्नर पूर्व मुख्य सचिव श्री निरंजन आर्य के निर्देशन में हो रहा है।

राजस्थान में इससे पूर्व 23 से 31 दिसम्बर 1956 में दूसरी राष्ट्रीय जंबूरी का आयोजन जयपुर में हुआ था।

राजस्थान के पिलानी के रहने वाले मूर्तिकार नरेश कुमार ने भगवान शिव की विश्व की सबसे ऊंची मूर्ति मानेसर में तैयार की है।

कोटा में चम्बल नदी पर चम्बल माता की प्रतिमा जो जयपुर में बन रही है, के शिल्पी निर्मल शर्मा है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2020 में जैन भिक्षु आचार्य विजय वल्लभ सूरिश्वर महाराज की 151वीं जयंती समारोह के अवसर पर पाली जिले में स्थापित उनकी 151 इंच ऊंची प्रतिमा का अनावरण किया।

- **मौसम विभाग केंद्र जयपुर के द्वारा हाल ही में किस एयरपोर्ट पर RVR इंस्ट्रूमेंट स्थापित किए गए हैं?**

(1) किशनगढ़ एयरपोर्ट (2) उदयपुर एयरपोर्ट
(3) जोधपुर एयरपोर्ट (4) (1) तथा (2) दोनों **(4)**

**व्याख्या–**



किशनगढ़ व उदयपुर एयरपोर्ट पर हर तरह के मौसम में उड़ानों के सुचारु संचालन के लिए RVR (रन-वे विजुअल रेंज) उपकरण स्थापित किए गए हैं।

- **किस जिला मुख्यालय पर सामुदायिक आधारित संगठन को कम्युनिटी बेस्ड ऑर्गेनाइजेशन के तहत वात्सल्या चाइल्ड केयर होम नाम से विशेष बालग्रह का संचालन किया जा रहा है?**

(1) जयपुर (2) बीकानेर
(3) श्रीगंगानगर (4) जालौर **(4)**

**व्याख्या–** कम्युनिटी बेस्ड ऑर्गेनाइजेशन के तहत् संचालित इस वात्सल्य चाइल्ड केयर होम में एचआईवी रोग से पीड़ित मासूम बच्चों की सेवा करने तथा उनके जीवन से मायूसी को दूर कर मुस्कान लाने की हर संभव कोशिश की जाती है।

यहां निवासरत 6 से 18 वर्ष तक के बच्चों की विशेष रूप

से देखभाल की जाती है तथा 18 से 21 वर्ष की उम्र के बच्चे विशेष योजना के तहत् यहां रह सकते है।

❑ **किस वर्ष तक राजस्थान में वनाच्छादित क्षेत्रफल को तीन गुणा करने के लिए योजनाबद्ध तरीके से कार्य प्रारम्भ किए जा रहे है?**

(1) 2025 (2) 2030
(3) 2035 (4) 2040 **(4)**

**व्याख्या–** राजस्थान में वनाच्छादित क्षेत्रफल को वर्ष 2040 तक 3 गुणा करने के लिए योजनाबद्ध तरीके से कार्य प्रारंभ किया जा रहा है।

इस योजना के तहत् वन भूमि, चारागाह, ओरण, सार्वजनिक स्थलों पर वृक्षारोपण के साथ-साथ राज्य के निवासियों को बड़े पौधे उपलब्ध करवाकर राज्य में हरियाली के प्रयास किए जाएंगे। राजस्थान में प्रथम वन नीति 18 फरवरी, 2010 को आई।

❑ **'चुप्पी तोड़ो सयानी बनो' अभियान के तहत् कौनसी कक्षा में पढ़ने वाली छात्रों को हाइजीन एम्बेसडर के रुप में नियुक्त किया गया है?**

(1) कक्षा 5वीं से 8वीं (2) कक्षा 6वीं से 8वीं
(3) कक्षा 8वीं से 12वीं (4) कक्षा 9वीं से 12वीं **(4)**

**व्याख्या–** 'चुप्पी तोड़ो सयानी बनो' अभियान के तहत कक्षा 9वीं से 12वीं में पढ़ने वाली छात्रा जो हाइजीन एम्बेसडर नियुक्त किए गए उन्हें विद्यालय प्रशासन द्वारा आयोजित हाइजीन एम्बेसडर सर्टिफिकेट प्रदान किए जाते हैं। इस दौरान उन्हें अभियान की निरंतरता बनाए रखने व जिम्मेदारी के बारे में अवगत करवाया गया है।

'चुप्पी तोड़ा सयानी बनो' अभियान का संबंध माहवारी स्वच्छता प्रबंधन से है। महावारी स्वच्छता प्रबंधन तथा गुड टच बैड टच ऐसे संवेदनशील विषय पर जयपुर जिला प्रशासन ने चुप्पी तोड़ो सियानी बनो अभियान शुरु किया।

❑ **राजस्थान की पहली सोलर नदी लिफ्ट सिंचाई परियोजना किस नदी पर बनी हैं?**

(1) परवन नदी (2) मेज नदी
(3) कोठारी नदी (4) सुकड़ी नदी **(2)**

**व्याख्या–** बूंदी की मेज नदी पर राजस्थान की पहली सोलर लिफ्ट सिंचाई परियोजना बनी है।


52 करोड़ की परियोजना से 2 पंचायतों के 17 गाँव को पानी मिलने लगेगा।

यह राजस्थान की पहली ऐसी परियोजना है, जहां नदी से सोलर सिस्टम द्वारा किसानों को पानी मिलेगा और बिजली का उत्पादन होगा।

❑ **एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया की नवंबर माह की देश के सबसे व्यस्ततम एयरपोर्ट सूची में जयपुर एयरपोर्ट को कौनसा स्थान मिला है–**

(1) 5वां (2) 10वां
(3) 13वां (4) 18वां **(3)**

**व्याख्या–**




एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया की नवंबर माह की रिपोर्ट में देश के सबसे व्यस्ततम एयरपोर्ट की सूची में जयपुर एयरपोर्ट 13वें नंबर पर है। इस सूची में लखनऊ और गुवाहाटी एयरपोर्ट जयपुर से आगे है।

जयपुर एयरपोर्ट पर अक्टूबर में 3.72 लाख यात्रियों ने यात्रा की, जबकि नवंबर में यह संख्या बढ़कर 4.31 लाख से अधिक हो गई।

जयपुर एयरपोर्ट को अडानी के द्वारा 50 वर्ष के लिए ठेके पर लिया गया है।

❑ **किस जिला प्रशासन द्वारा 'अभियान सेहत' चलाया जा रहा है जिसमें 18 वर्ष तक के बच्चों की निःशुल्क स्वास्थ्य जाँच के साथ ही चिरंजीवी योजना के अंतर्गत निःशुल्क इलाज भी किया जा रहा है?**

(1) अलवर
(2) डूँगरपुर
(3) बाँसवाड़ा
(4) कोटा **(1)**

**व्याख्या-** अलवर जिला प्रशासन द्वारा नवाचार करते हुए बच्चों के स्वास्थ्य में सुधार के लिए अभियान सेहत शुरु किया गया है। इस अभियान के तहत् जिले के सभी आँगनवाड़ी केंद्रों, राजकीय और निजी विद्यालयों के साथ ही स्कूल नहीं जाने वाले 18 वर्ष तक के बच्चों के स्वास्थ्य की जाँच की जा रही है।

बच्चों में कुपोषण, एनिमिया सहित अन्य बीमारियों की पहचान के लिए स्क्रीन का काम मिशन मोड पर किया जा रहा है।

इस दौरान बीमारी की पहचान होने पर चिरंजीवी योजना के तहत् बच्चों का निःशुल्क इलाज करवाया गया है।

❑ **हथकड़ शराब से जुड़े परिवारों के लिए नवजीवन योजना के तहत् किस जिले से महिलाओं के लिए कौशल प्रशिक्षण शुरु किया गया है-**

(1) अलवर
(2) जयपुर
(3) भरतपुर
(4) जोधपुर **(1)**

**व्याख्या-**




अलवर जिले से ही सामाजिक न्याय व अधिकारिता मंत्री टीकाराम जूली ने राज्य स्तरीय ट्रांसजेंडर उत्सव का शुभारंभ किया।

अंतराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस (3 दिसंबर) पर राजस्थान के अलवर जिले को दिव्यांगजन सशक्तिकरण के उत्कृष्ट कार्य करने पर सर्वश्रेष्ठ जिले का पुरस्कार प्रदान किया गया।

उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री श्रीमती शकुन्तला रावत ने 26 सितम्बर, 2022 को अलवर में शिल्पांगज क्राफ्ट बाजार 2022 का शुभारंभ किया।

स्वस्थ बेटी अभियान की शुरुआत भी अलवर जिले से हुई।

❑ **33वां सुर संगम का राष्ट्रीय युवा संगीत समारोह 27 से 29 जनवरी को कहाँ आयोजित होगा?**

(1) सिटी पैलेस, जयपुर
(2) जवाहर कला केन्द्र, जयपुर
(3) पश्चिमी संस्कृति कला केंद्र, उदयपुर
(4) इनमें से कोई नहीं **(2)**

**व्याख्या-**33वां सुर संगम का राष्ट्रीय युवा संगीत समारोह 23 से 29 जनवरी तक जवाहर कला केंद्र जयपुर में आयोजित होगा।

जवाहर कला केन्द्र, जयपुर में भारत सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय के तत्वाधान में ट्राइफेड की ओर से दिसंबर 2022 में आदिचित्र महोत्सव का आयोजन किया गया।

18वीं राजस्थान आवासन मंडल कर्मचारी खेल प्रतियोगिता का आयोजन 17 से 20 दिसंबर 2022 जोधपुर में किया गया।

❑ **4-5 जनवरी 2023 को राजस्थान मेगा जॉब फेयर का आयोजन किस जिले में किया गया?**

(1) पाली
(2) भरतपुर
(3) उदयपुर
(4) सीकर **(3)**

**व्याख्या-**




4-5 जनवरी 2023 को राजस्थान मेगा जॉब फेयर का आयोजन उदयपुर में किया गया।


**इससे पहले वर्ष 2022 में आयोजित जॉब फेयर-**

- 28-29 नवंबर, 2022 को राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज ग्राउंड, बीकानेर में मेगा जॉब फेयर का आयोजन किया गया।
- 14-15 नवंबर, 2022 को जयपुर में मेगा जॉब फेयर का आयोजन किया गया।
- 11-13 नवंबर, 2022 को राजकीय पॉलिटिकल कॉलेज, जोधपुर में आईटी जॉब फेयर का आयोजन किया गया।

❑ **मरहूम मोहम्मद जमाल आरिफ द्वारा लिखित पुस्तक 'इबारत ए महफिल' का विमोचन किसने किया?**

(1) कलराज मिश्र (2) अशोक गहलोत
(3) ममता भूपेश (4) सालेह मोहम्मद **(2)**

**व्याख्या-**



मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने दरगाह कमेटी अजमेर के पूर्व अध्यक्ष तथा उत्तरप्रदेश के पूर्व राज्यपाल मरहूम मोहम्मद उस्मान आरिफ के सुपुत्र मरहूम मोहम्मद जमाल आरिफ द्वारा लिखित पुस्तक 'इबारत ए महफिल' का विमोचन किया।

❑ **15वीं राजस्थान विधानसभा का आठवां अधिवेशन कब से शुरु होगा-**

(1) 4 जनवरी, 2023
(2) 10 जनवरी, 2023
(3) 16 जनवरी, 2023
(4) 23 जनवरी, 2023 **(4)**

❑ **वैश्विक संस्था विमेन इकोनामिक फोरम की ओर से नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में राजस्थान के किस प्रसिद्ध राजनेता को लीडर ऑफ डिकेड का सम्मान प्रदान किया गया?**

(1) अशोक गहलोत
(2) सचिन पायलट
(3) अशोक चांदना
(4) टीकाराम जूली **(3)**

**व्याख्या-**



राय® Publication Pvt. Ltd.

एनुअल डब्ल्यूईएफ 2022, ब्रिज द गेप - एजेंडा फोर जी-20 कार्यक्रम के दौरान विमेन इकोनामिक फोरम की ओर से नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में खेल व युवा मामले तथा जनसंपर्क विभाग के राज्यमंत्री अशोक चांदना को लीडर ऑफ डिकेड से सम्मानित किया गया।
विश्व स्तर पर महिलाओं के उत्थान और सशक्तिकरण के लिए कार्य संस्था ने श्री अशोक चांदना को उनकी अगुवाई में राजस्थान सरकार की ओर से बालिकाओं और महिलाओं के उत्थान तथा सशक्ति के लिए चलाए जा रहे कार्यक्रम के लिए यह अवार्ड दिया।

- **दिसंबर 2022 जल जीवन मिशन रैंकिंग में राजस्थान का देश में स्थान है-**

(1) 8वां (2) 18वां
(3) 21वां (4) 30वां **(4)**

**व्याख्या- जल जीवन मिशन**
- देश में राजस्थान का स्थान- 30वां
- प्रदेश में सर्वाधिक जल कनेक्शन - नागौर में
- सबसे कम - जैसलमेर में

- **राज्य कर्मचारियों के वेतन विसंगति आदि अनेक मामलों के अध्ययन के लिए मुख्यमंत्री द्वारा किसकी अध्यक्षता में एक समिति गठित की जिसने मुख्यमंत्री को अपनी अंतिम रिपोर्ट सौंप दी है-**

(1) खेमराज चौधरी (2) एम. एल. कुमावत
(3) रामलुभाया (4) के. कस्तूरीरंगन **(1)**

**व्याख्या-** मुख्यमंत्री ने प्रदेश के विभिन्न कर्मचारी और अधिकारी संगठनों के वेतन विसंगति, वेतन सुधार, पदोन्नति के अवसरों की निरंतरता आदि मांगों का अन्य राज्यों में प्रचलित व्यवस्थाओं से तुलनात्मक अध्ययन, विश्लेषण और परीक्षण कर आवश्यक अनुशंसा करने हेतु खेमराज चौधरी की अध्यक्षता में समिति के गठन को स्वीकृति दी थी, जिसने अपनी अन्तिम रिपोर्ट मुख्यमंत्री को सौंपी है।

- **26 जनवरी, 2023 से शुरु राजीव गाँधी शहरी ओलंपिक खेलों में कौनसा खेल शामिल नहीं है?**

(1) कबड्डी (2) फुटबॉल
(3) वॉलीबॉल (4) हॉकी **(4)**

**व्याख्या-**




**राजीव गाँधी शहरी ओलंपिक खेल**
शुरुआत - 26 जनवरी, 2023 से
प्रतियोगिताएँ तीन स्तर नगर निकाय, जिला व राज्य स्तर पर होगी

**शहरी ओलंपिक में शामिल खेल-**
कबड्डी, वॉलीबॉल, बास्केटबॉल, खो-खो, टेनिस बॉल, क्रिकेट, एथलेटिक्स (100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर)

**ग्रामीण ओलंपिक खेल में शामिल खेल-**
कबड्डी, हॉकी, वॉलीबॉल, खो-खो, टेनिस बॉल, क्रिकेट, शूटिंग बॉल

- **राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ देने के लिए सक्षम अभियान किस जिले में संचालित किया जा रहा है?**

(1) बांसवाड़ा (2) अलवर
(3) नागौर (4) जालौर **(1)**

**व्याख्या-** बांसवाड़ा जिला प्रशासन द्वारा सभी लोगों को राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ देने के लिए सक्षम अभियान संचालित किया जा रहा है, इस अभियान के तहत् ग्राम पंचायत स्तर पर सर्वे कर पात्रता के अनुसार जरुरतमंद लोगों को योजना से जोड़ा जा रहा है।

राय Publication Pvt. Ltd.

❑ **मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने 4 करोड़ रुपए की लागत से महाबलिदानी मां पन्नाधाय के पैनोरमा बनाने की स्वीकृति कहाँ दी है?**

(1) मठाठा, उदयपुर (2) छाणी मगरी, डूंगरपुर
(3) बायतु, बाड़मेर (4) पाण्डोली, चित्तौड़गढ़ **(4)**

**व्याख्या-** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने उदयपुर में गोवर्धन सागर पर बलिदानी मां पन्नाधाय की प्रतिमा का अनावरण किया।

पन्नाघाय पार्क - उदयपुर में।

- बायतु, बाड़मेर - सिद्ध श्री खेमा बाबा पैनोरमा
- छाणी मगरी, डूंगरपुर - गोविंद गिरी पैनोरमा
- मठाठा, उदयपुर - बप्पा रावल पैनोरमा
- कमेरी, राजसमंद - पन्नाधाय पैनोरमा
- दौलतपुरा, चित्तौड़गढ़ - लोक देवता अमराजी भगत पैनोरमा

❑ **राज्य सरकार के सामाजिक न्याय अधिकारिता विभाग ने वृद्धजनों के लिए हेल्पलाइन टोल फ्री नंबर संचालित किया है-**

(1) 14567 (2) 15002
(3) 181181 (4) 501 **(1)**

**व्याख्या-**




राज्य सरकार के सामाजिक न्याय व अधिकारिता विभाग द्वारा भारत सरकार की ओर से संयुक्त रूप से राजस्थान में जेके लक्ष्मीपत यूनिवर्सिटी, जयपुर में समर्थ एल्डर केयर, गुरुग्राम के सहयोग से वृद्धजनों के लिए हेल्पलाइन टोल फ्री नंबर 14567 पर संचालित की जा रही है।

इस निःशुल्क राष्ट्रीय हेल्पलाइन सेवा में वरिष्ठ नागरिकों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार लाने के लिए सूचना, मार्गदर्शन, भावात्मक सहयोग आदि सुविधाएँ दी जा रही है।

***

राय® Publication Pvt. Ltd.